Bharat Temples

आजा माँ आजा माँ एक बार,
मेरे घर आजा माँ,
मैंने मन मंदिर में मैया,
तेरी ज्योत जगाई,
करके शेर सवारी,
आजा इक बारी महामाई,
आजा मां आजा मां एक बार,
मेरे घर आजा माँ।।

मेरे सुने आँगन में माँ,
खुशियाँ तू बरसा दे,
करुणामई ऐ जगदम्बे माँ,
सोया भाग जगा दे,
मैंने सारी दुनिया देखि,
मुझे ना कोई भाया,
शाम सवेरे मैंने मैया,
तेरा ही गुण गाया,
आजा मां आजा मां एक बार,
मेरे घर आजा माँ।।

दर्शन को ये नैना तरसे,
आके दर्श दिखाओ,
कब से देखे राह तुम्हारी,
इनकी प्यास बुझाओ,
थोड़ी सी किरपा कर दे,

बेटी तुझे पुकारे,
हाथ दया का सिर पे रख दे,
कर दे वारे न्यारे,
आजा मां आजा मां एक बार,
मेरे घर आजा माँ।।

ताने मारेगी ये दुनिया,
जो माँ तू ना आई,
मेरा कुछ ना जाएगा,
तेरी होगी माँ रुसवाई,
सदा रहेंगे अम्बे मैया,
बन के तेरे पुजारी,
धामा और शर्मा ने माँ,
चरणों में अर्ज गुजारी,
आजा मां आजा मां एक बार,
मेरे घर आजा माँ।।

आजा माँ आजा माँ एक बार,
मेरे घर आ जा माँ,
मैंने मन मंदिर में मैया,
तेरी ज्योत जगाई,
करके शेर सवारी,
आजा इक बारी महामाई,
आजा मां आजा मां एक बार,
मेरे घर आजा माँ।।

Singer Rajnish Sharma
Upload By Kirti

Source: https://www.bharattemples.com/aaja-maa-ek-baar-mere-ghar-aaja-maa/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw